# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2025-26

| कक्षा:-8 | विषय: हिंदी कहानी संचय | पाठ:6 टूटा किनारा |
|---|---|---|

**प्रश्न-१ किसान के घर में कौन-कौन था?**

**उत्तर - किसान के घर में उसके घर में उसके दो छोटे - छोटे बच्चे, बीमार पत्नी और रिश्ते की एक अनाथ बच्ची थी, जिसे वह पाल रहा था।**

**प्रश्न- २ गाँव के लोग साधु के पास क्यों गए?**

**उत्तर - एक बार गाँव में मूसलाधार बारिश हुई। गाँव के पास से बहती नदी में बाढ़ आ गई। पानी गाँव की ओर वेग से आ रहा था। पानी गाँव में घुसा तो सब लोग साधु के पास दौड़े - दौड़े आएँ  और बोले, "अब आप ही हमारी रक्षा करें। हमारा गाँव डूब  रहा है। यदि और पानी आया, तो हमारे पशु बह जाएँगे, खेत- खलिहान डूब जाएँगे।"२**

**प्रश्न-३ साधु क्या देखकर हैरान रह गया?**

**उत्तर- ढ़ेरों सिद्धियाँ होने के बावज़ूद ऐसा नहीं था कि साधु वर्षा  में  न भीगें।  किंतु वर्षा की बूँदें किसान के शरीर पर टिकती न थी,  वह फिसल कर नीचे गिर जाती थी यह देखकर साधु हैरान हो गया।**

**प्रश्न- ४ किसान ने साधु से क्या कहा?**

**उत्तर- किसान ने साधु से कहा –"महाराज! मैंने कोई तप नहीं किया, न मेरे पास कोई सिद्धि है। मैं तो सीधा-साधा किसान हूँ। बस, हर काम को भगवान का आदेश समझकर पूरी लगन से करता हूँ।"**

**प्रश्न- ५ इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?**

**उत्तर - इस पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि अपना कर्म करना ही ईश्वर की पूजा के समान है।**